हादसा

बच्ची की हालत गंभीर, झलौन से वापस घर जाते समय गुहची पुरा के बीच बासा हार में रोड पर हुआ हादसा

# तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से मां बेटे की मौत

**नवभारत,तेजगढ़/दमोह.** क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं.आए दिन लोगों की मौत हो रही और दर्जनों घायल और अपंग हो रहे हैं. लेकिन यह हादसे रोक नहीं रहे हैं, एक बार फिर अज्ञात वाहन की टक्कर से मां बेटे की दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है.घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झलौन तेजगढ़ मार्ग पर रात करीब 9 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी है. इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था.जहां से डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जबलपुर रेफर कर दिया था.लेकिन देर-रात रास्ते में दो लोगों की मौत हो गई है. जबकि एक अन्य बच्ची का




मेडिकल कॉलेज जबलपुर में इलाज चल रहा है घटना की सूचना पुलिस को दी गई है.

### जबलपुर जाते समय मां बेटे की मौत

जानकारी अनुसार पुरा निवासी संतोष पिता जगदीश सेन उम्र 30 संतोषरानी बाई पति जगदीश सेन उम्र 60 वर्ष मानूवी पिता कैलाश सेन उम्र 10 वर्ष है.जो गुरुवार को अपने घर से झलौन ग्राम में दवाई कराने सहित अन्य सामग्री की खरीदी करने के लिए आए थे जहां से देर-रात अपनी बाइक से वापस पुरा ग्राम जा रहे थे .लेकिन बासा पुरा के बीच तेज रफ्तार अज्ञात कार ने पीछे से टक्कर मार दी और कार सवार मौके से भाग निकले हैं. हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.जहां से डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया था.

### जनपद पंचायत ने मानवता की मिसाल पेश की

सड़क हादसे में घायल हुए लोग घटनास्थल पर घायल अवस्था में पड़े रहे लेकिन किसी ने कोई मदद नहीं की, लेकिन उसी समय तेंदूखेड़ा से वापस अपने गांव बासा लौट रहे. तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव ने जैसे ही सड़क किनारे घायलों को देखा तो उन्होंने अपनी कार रोककर अपनी खुद की पर्सनल कार में घायलों को उठाकर इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी. जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव ने घायलों की मदद कर और खुद की कार से घायलों को अस्पताल पहुंचाया दो एक मानवता की मिशाल पेश करता है .लोगों द्वारा अध्यक्ष की तारीफकरते हुए देखा गया है लेकिन हादसे में दो लोगों की जान नहीं बच सकी है .

**गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार'**
शुक्रवार की सुबह 10 बजे मेडिकल कॉलेज में मृतकों का परिजनों की मौजूदगी है.मेडिकल की टीम ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किए हैं .जहां दोपहर एक बजे मां और बेटे के शव पुरा गांव पहुंचे और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है .एक बजे बड़ी संख्या में लोगों के बीच मां बेटे का अंतिम संस्कार किया गया है इधर पुलिस द्वारा जांच की बात कहीं जा रही है .

**घटना को अंजाम देकर कार लापता**
सूत्रों द्वारा खबर है कि जिस अज्ञात कार ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारी थी और हादसे दो लोगों की मौत हो गई है . उस कार में कुछ लोग पुरा गांव में किसी लोधी समाज में रिश्तेदारी में आए हुए थे, जो घटना के समय कार में सवार थे . स्वास्थ्य केंद्र पहुंची घायल संतोष सेन ने इलाज के दौरान बताया कि कार में गांव के ही कुछ लोग शराब के नशे में थे . जानता हूं वहीं सूत्रों द्वारा खबर है .

## मुहर्रम व आगामी पर्वों को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**नवभारत,दमोह।** आगामी मुहर्रम और अन्य पर्वों को देखते हुए शुक्रवार देर शाम पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गों से फ्लैग मार्च निकाला गया .इस दौरान पुलिस अधिकारियों, समस्त थाना-चौकी प्रभारियों सहित वज्र वाहन व पुलिस बल मौजूद रहा.फ्लैग मार्च शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देते हुए कोतवाली से शुरू होकर चौक टॉकीज तिराहा, बकौली चौक, घंटाघर, बस स्टैंड, बैंक चौराहा होते हुए पुनः कोतवाली में समाप्त हुआ.पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए समय-समय पर फ्लैग मार्च निकाला जाएगा, जिससे अपराधियों में खौफका माहौल बना रहे और आमजन में सुरक्षा का भाव रहे.इस दौरान एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीओपी दमोह प्रिया सिंधी, एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर, एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी, सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार, प्रभारी आरआई अभिनव साहू सहित जिले के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और पुलिस बल मौजूद रहा.



## बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**15 दिन से खराब सप्लाई, पेयजल संकट से फैल रही बीमारी**

**नवभारत,हटा/दमोह।** जिले के वर्धा, पाठा, मुराछ के ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर बड़ी संख्या में सब स्टेशन हिनौता पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता, मंडल हिनौता के नाम हटा ए.ई. राजेश सहाय को ज्ञापन सौंपा.ग्राम पंचायत पाठा सरपंच श्रीमती फूलबाई, उप सरपंच सुहाग रानी के नेतृत्व में पंचायत पाठा, वर्धा, मुराछ के लोगों ने बताया कि मुराछ से वर्धा फीडर की विद्युत सप्लाई लगभग 15 दिन से खराब चल रही है.इसके कारण लगभग 20 ग्राम के लोग पेयजल संकट से परेशान हैं.ग्रामीणों ने कहा कि बिजली न होने से पानी की सप्लाई ठप है, जिससे बीमारी फैल रही है.यदि सप्लाई नियमित नहीं की गई तो गंदा पानी पीने से हैजा जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। ग्रामीणों ने विभाग के कर्मचारियों पर उदासीनता बरतने का आरोप भी लगाया। अधिकारी ने दो दिन में समस्या निराकरण का आश्वासन दिया है। मौके पर नायब तहसीलदार राजेश, विद्युत विभाग ए.ई.राजेश सहाय सहित गैसाबाद थाना प्रभारी सौरभ शर्मा व पुलिस बल मौजूद रहा.



## सच्चा मित्र वही जो कभी साथ नहीं छोड़े : महाराज

**कुम्हारी नवभारत 13 जून।** ग्राम बिछिया जवारी स्थित मां शारदा के पावन धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का भरपूर आनंद लिया। कथा वाचक पंडित वैदिक श्यामसुन्दर महाराज के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण और भक्त सुदामा की दिव्य मित्रता का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया ।महाराज ने कहा कि सच्चा मित्र वही होता है जो सुख-दुख की हर परिस्थिति में साथ निभाए और कभी अपने मित्र का साथ नहीं छोड़े। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ प्रेम, समर्पण और विश्वास की अनूठी मिसाल है। उन्होंने बताया कि मित्रता में धन-दौलत या पद का कोई महत्व नहीं होता, बल्कि भावनाओं और आत्मीयता का महत्व होता है।

**सुदामा चरित्र को सुनकर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर**
कथा के दौरान वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। भजनों और धार्मिक प्रसंगों से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

## भारतीय किसान संघ की जिला बैठक संपन्न,15 जून से 15 अगस्त तक चलेगा पौधरोपण अभियान

**नवभारत,दमोह।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला दमोह की जिला बैठक दिनांक 12 जून को संघ कार्यालय दमोह में आयोजित हुई .बैठक में प्रांत मीडिया प्रभारी राम मिलन पटेल, जिला अध्यक्ष श्रीराम पटेल, जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव,दमोह तहसील उपाध्यक्ष प्रमोद दुबे व दमोह तहसील से कमलेश तिवारी उपस्थित रहे .बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अखिल भारतीय आदेश अनुसार निर्णय लिया गया .



## एसपी ने साढे तीन घंटे बंद कक्ष में ली बैठक, प्रकरणों के निराकरण के दिये निर्देश

**नवभारत,दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) द्वारा शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम दमोह में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले के विभिन्न थानों में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायतों व गुम इंसान संबंधी प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई.बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने प्रत्येक थाना प्रभारी से उनके थाना क्षेत्र के लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर उनके निराकरण की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने लंबित अपराधों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, लंबित मर्ग प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा शिकायतों का समय-सीमा में निष्पादन करने के निर्देश दिए.पुलिस अधीक्षक श्री कलादगि ने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों पर व उनके त्वरित निराकरण करने के संबंध में थाना में सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में नियमित व सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य संपादित करने,तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने तथा संबंधित प्रकरणों में नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए.उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए ताकि नागरिकों का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके.बैठक में अपराध नियंत्रण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, स्थायी वारंट व गिरफ्तारी वारंटों की तामीली, निगरानी बदमाशों पर प्रभावी कार्रवाई, राहवीर योजना के विषय में तथा कानून-व्यवस्था संबंधी विषयों पर चर्चा की गई.



सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सतत निगरानी रखे,गम्भीर अपराधों में थाना प्रभारी व एसडीओपी तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करे .रात्रि गश्त नियमित रूप से लगाई जाए, संपत्ति संबंधी अपराधों में पतारसी व बरामदगी हेतु निरंतर प्रयास करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए .इसके अतिरिक्त अवैध शराब, जुआ, सट्टा, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियार रखने वालो व अन्य असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

## गौरव देवलिया का पुलिस आरक्षक पद पर चयन

**नवभारत,दमोह ।** शहर के जबलपुर नाका निवासी गौरव देवलिया का मध्य प्रदेश पुलिस में आरक्षक पद पर चयन हुआ है.चयन की सूचना मिलते ही परिजनों,मित्रों व शुभचिंतकों ने गौरव को बधाई व शुभकामनाएं दीं.गौरव देवलिया,मयंक देवलिया के छोटे भाई हैं.उनके चयन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों ने गौरव की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## युवा कर रहे रक्तदान

**नवभारत,दमोह।** महामाया रक्तदान व जनकल्याण समिति के माध्यम से रक्तदान करने के लिए युवा लगातार आगे आ रहे हैं। समिति के प्रयासों से लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है .इसी क्रम में रक्तदाता योगेश मिश्रा ने बी पॉजिटिव व प्रभात नामदेव ने ए पॉजिटिव रक्तदान किया .समिति अध्यक्ष अखिलेश रजक,डॉ .अमित प्रकाश जैन, डॉ. दिवाकर पटेल, डॉ. प्रेमलता नीलम,नर्स ऑफिसर सुमन चढ़ार, सचिव अभिषेक जैन, आशीष रजक, सुशील नामदेव, विनय असाटी आदि रहें।



## प्रबंधन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन




**नवभारत,दमोह.** जिला दमोह के कलेक्ट्रेट जनसुनवाई सभा कक्ष में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत बायो डीकम्पोजर फसल अवशेष प्रबंधन कार्यशाला का सफल आयोजन 12 जून को किया गया। कार्यक्रम में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक जी.एल.अहिरवार, एडीए व परियोजना संचालक आत्मा जे.एल.प्रजापति तथा इफ्को सागर-दमोह के क्षेत्रीय अधिकारी प्रतीक कुमार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 100 कृषकों ने सहभागिता की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपसंचालक जी.एल. अहिरवार ने किसानों को ई-टोकन प्रणाली, नैनो उर्वरकों की उपयोगिता एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन लागत कम करने एवं उत्पादकता बढ़ाने के किया गया प्रेरित किया।

अव्यवस्थाएं

कोई सुलभ शौचालय नहीं होने से यात्री हो रहे परेशान

# रेलवे स्टेशन में पानी व शौचालय की व्यवस्था नहीं




**नवभारत, पथरिया 13 जून।** केंद्र के ज्यादातर विभागों में रेल्वे विभाग में 90 प्रतिशत अधिकारीयों कर्मचारियों द्वारा नियमो का शक्ति से पालन और समस्त कार्यों में पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता की विशेष जिम्मेदारी होती थी और उक्त विभाग की एक अलग साख थी। अब इसी विभाग के कार्यों में ठेकेदारी होने के कारण ईमानदारी जिम्मेदारी खत्म होती दिखाई दे रही है।

पथरिया स्टेशन पर यात्रियों के स्वच्छ पेयजल के लिए नए प्लेटफॉर्म पर केवल एक फ्रीजर सभी यात्रियों का सहारा बना हुआ है और वहीं समीप में रखें मटके लंबे समय से खाली है।

नए प्लेटफार्म-2 पर नल गर्म पानी उगल रहे है। प्लेटफॉर्म नंबर 3 व 4 पर कई वर्षो से अव्यवस्थाएं हैं।

**प्लेटफॉर्म नंबर 3 के शौचालय में लगा रहता है ताला**
स्टेशन पर केवल दो शौचालय है। एक नए प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर और दूसरा नए प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर है। प्लेटफॉर्म नंबर 3 का शौचालय में ताला लगा हुआ है, वहीं प्लेटफॉर्म नंबर 1 वाला शौचालय यात्रियों के लिए चालू था, जिसमें पानी नहीं है एवं अत्याधिक गंदगी और बदबू है। जिम्मेदार विभाग की अनदेखी से शौचालय धीरे धीरे क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। रेल्वे स्टेशन से दूर-दूर तक कोई सुलभ शौचालय भी नहीं है, जिससे यात्री बहुत परेशान होते है।

### एक नजर में




## महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे का स्वागत

**नवभारत,दमोह.** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती एड. अश्विनी परांजपे का शनिवार को प्रथम दमोह आगमन हुआ .जहां जिला भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया .जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के पूर्व जबेरा, नोहटा व मारूताल नाके में भी स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नोहटा में मध्यप्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन धार्मिक व धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी की विशेष उपस्थिति रही. कार्यक्रम के दौरान श्रीमती परांजपे ने उपस्थित महिलाओं से पोषण आहार विषय पर संवाद किया. उन्होंने संतुलित आहार, मातृ व शिशु स्वास्थ्य तथा कुपोषण से मुक्ति के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया. पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया तंदुपरांत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया .अंत में पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया के निवास पहुंच कर भेंट की .जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती एड. अश्विनी परांजपे, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती स्मृति जैन, नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती वर्षा रैकवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला मंत्री श्रीमती श्यामा उरैती, सुश्री विनीता परस्ते, जिला सह कोषाध्यक्ष श्रीमती कुसुम खरे, पूर्व जिलाध्यक्ष पार्षद श्रीमती कविता राय व श्रीमती प्रतिभा तिवारी, पार्षद श्रीमती सीमा जैन मंचासीन रहीं.




## समर कैंप अंतर्गत आयोजित ब्राइटर माइंड्स कोर्स का समापन,प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रशस्ति पत्र

**नवभारत,दमोह.** पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा-निर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि (आईपीएस) के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम दमोह में पुलिस परिवार के बच्चों के सर्वांगीण विकास व मानसिक क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित समर कैंप के अंतर्गत संचालित ब्राइटर माइंड्स कोर्स का समापन समारोह 10 जून 2026, बुधवार को पी.जी. कॉलेज दमोह के ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ.कार्यक्रम में सागर जोन की जोनल कोआर्डिनेटर हार्टफुलनेस श्रीमति प्रतिभा सांडिल्य व कान्हा शान्ति वनम हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक आर. रामकरण द्वारा बताया गया कि यह कोर्स 05 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए आजोजित किया जाता है .प्रशिक्षकों का कहना है कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है .प्रशिक्षण बच्चों की बौद्धिक क्षमता जरूरी है।

## सड़क हादसे में गुलौदा इंद्राना निवासी बाइक सवार की मौत

**नवभारत,दमोह।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया माला के पास शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे सड़क किनारे खाई में बाइक सवार घायल हालत में मिला. सूचना पर 112 डायल मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल नोहटा अस्पताल ले गई.हालत गंभीर होने पर परिजनों को सूचना देकर जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया, जहां ड्यूटीरत डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया. जिला अस्पताल चौकी प्र.आर. शुभनारायण यादव ने बताया कि मृतक चंदन सिंह पिता जहर सिंह, उम्र करीब 58 वर्ष, निवासी मझौली मार्ग गुलौदा, थाना इंद्राना, जबलपुर के रहने वाले थे. शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कार्रवाई की गई है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है .मृतक के बेटे रंजीत सिंह ने बताया कि पिताजी पौड़ी में जमीनी जुताई करने गए थे .लौटते समय बाइक क्रमांक एमपी 20 एनएस 2118 सहित सड़क किनारे घायल हालत में पड़े मिलने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे थे.



मृतक चंदन सिंह

## सिलसिला एवं तलाशे जौहर का आयोजन आज

**नवभारत,दमोह।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ज़िला अदब गोशा दमोह के द्वारा सिलसिला व तलाशे जौहर के तहत व्याख्यान एवं रचनापाठ का आयोजन रविवार, 14 जून 2026 को दोपहर 12 बजे से छत्रछाया रिपब्लिक स्कूल,दमोह में ज़िला समन्वयक अदीब दमोही के सहयोग से किया जाएगा ।उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी के अनुसार उर्दू अकादमी द्वारा सिलसिला के तहत प्रदेश के सभी ज़िलों में काव्य, साहित्यिक एवं सांगीतिक गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में अगला कार्यक्रम दमोह में आयोजित हो रहा है जिसमें दमोह के ऐसे स्थापित शायर एवं साहित्यकार अपनी प्रस्तुति देंगे जिन्हें अकादमी के मंचों पर प्रस्तुति का कम अवसर मिला है ।दमोह ज़िले के समन्वयक अदीब दमोही ने बताया कि सिलसिला एवं तलाशे जौहर दो सत्रों पर आधारित होगा। प्रथम सत्र में दोपहर 12 :00 बजे तलाशे जौहर आयोजित की जाएगी.

## 4-5 साल से जमीन नाप के लिए भटक रही आदिवासी महिला

**राजस्व अमले पर गंभीर आरोप**

**नवभारत,पटेरा/दमोह.** तहसील पटेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सतरिया में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है.यहां आदिवासी महिला गेंदाबाई पिछले चार-पांच वर्षों से अपनी भूमि के सीमांकन (नाप) के लिए लगातार आवेदन कर रही है, लेकिन आज तक उसकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है.पीड़ित महिला और उसके परिवार का आरोप है कि उन्होंने मजदूरी कर हजारों रुपये की सरकारी फीस कई बार जमा की, इसके बावजूद भूमि का सही सीमांकन नहीं किया गया. महिला के पति ने बताया कि मंगलवार को भी राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन सीमांकन करने के बजाय यह कहकर वापस लौट गई कि खेत का सीमांकन नंबर नहीं मिल रहा है.महिला का कहना है कि कई बार पटवारी और आरआई की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से कार्रवाई अधूरी छोड़ दी गई. हाल ही में भी टीम ने रिकॉर्ड में नंबर नहीं मिलने का हवाला देकर मामला टाल दिया.



गेंदाबाई का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण वह मानसिक तनाव में है. वहीं कुछ लोगों द्वारा उसके निजी खेत से सार्वजनिक रास्ता देने का दबाव बनाया जा रहा है .भूमि का स्पष्ट सीमांकन न होने से विवाद की स्थिति लगातार बनी हुई है और भविष्य में बड़ा विवाद खड़ा होने की आशंका भी जताई जा रही है .सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब आवेदक द्वारा बार-बार निर्धारित शुल्क जमा किया जा चुका है, तो आखिर चार-पांच वर्षों में सीमांकन क्यों नहीं हो पाया? यदि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि है तो उसे सुधारने की जिम्मेदारी किसकी है? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए

गिरफ्तारी

एसपी ने कहा -टीम को मिलेगा इनाम, मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

# हत्या के मामले में तत्परता से दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह.** 9 जून 2026 को जिला अस्पताल दमोह में आहत फरियादी कल्लू उर्फ कमलेश पिता राजकुमार अहिरवार, उम्र 27 वर्ष,निवासी बड़ापुरा की प्री-एमएलसी जांच के बाद आरोपी मोहन पिता गुल्ले अहिरवार,उम्र 40 वर्ष व लखन पिता मोतीलाल अहिरवार,उम्र 44 वर्ष,निवासी बड़ापुरा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 555/2026 धारा 109(1),3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था.

जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने बताया कि आहत कमलेश अहिरवार की 10 जून 2026 को मेडिकल कॉलेज जबलपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई.मर्ग डायरी प्राप्त होने पर मर्ग कायम कर प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया.प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने प्रकरण के आरोपी मोहन अहिरवार व लखन अहिरवार को 11 जून 2026 को गिरफ्तार किया.दोनों आरोपियों को शुक्रवार को माननीय न्यायालय में जे.आर. पर पेश किया गया.



पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि दोनों आरोपियों को तत्परता से गिरफ्तार करने में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली, उनि बंदना गौर, सउनि राकेश पाठक, प्र.आर महेश यादव, प्रआर अजित दुबे, प्रआर सौरभ टंडन, प्रआर राकेश अठ्या, (साइबर सेल),आरक्षक ओमप्रकाश मेहनती ओमप्रकाश रैकवार,आर. नरेन्द्र पटेरिया, आर .ब्रजेन्द्र मिश्रा,आर .विक्रम राठौर, आर,जितेन्द्र प्रजापति,आर .रतिराम अहिरवार का भी योगदान रहा, इन्हें मेरे द्वारा इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा.



## नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस ने फरार इनामी आरोपी को दबोचा

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में फरार इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी नरसिंहगढ़, थाना दमोह देहात पुलिस को सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमोह देहात व चौकी नरसिंहगढ़ पुलिस टीम ने दमोह देहात के अपराध क्रमांक 240/26 धारा 109(1), 126(2), 296, 115(2), 3(5) बी.एन.एस, 25/27 आर्म्स एक्ट में लगभग 2 माह से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार किया।